PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	03/09/2022
PAGE:	02

ईडीआईआई ने कॉर्पोरिट्स के साथ की साझेदारी

100 जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले 10 हजार कारोबार का होगा विकास

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. 1000 दिनों में देश के 100 जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले 10 हजार हरित कारोबार को विकसित किया जाएगा। इसके लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने कॉर्पोरिट्स के साथ साझेदारी की हैं।

ईडीआईआई की ओर से नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक सम्मेलन में यह घोषणा की गई। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि संस्थान कारीगरों, बुनकरों, महिलाओं के स्टार्ट-अप और बेरोजगारों को उद्यमशीलता और कौशल विकास के गुर सिखाने की पेशकश कर रहा है। जिससे उनके लिए स्थायी आजीविका का एक मजबूत विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। कॉर्पोरिट्स ने उद्यमशीलता की शक्ति का समर्थन भी किया है।

ईडीआईआई प्रोजेक्ट विभाग (कॉर्पोरिट्स) के निदेशक डॉ. रमन गुजराल ने कहा कि कॉर्पोरिट्स के साथ साझेदारी में ईडीआईआई ने माइक्रो स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कई इनोवेटिव हरित करोबारों को विकसित किया है। जैसे कि अर्बन टैरेस गार्डनिंग किट, बांस शिल्प, मशरूम की खेती, जैविक उर्वरक, मधुमक्खी पालन और पत्तियों से बने बायोडिग्रेडेबल प्लेट्स जैसे कारोबार शामिल हैं।

डिजिटल प्लेटफार्म से कमाई के सिखाए जा रहे हैं गुर

गुजराल ने कहा कि ग्रामीण महिला उद्यमियों को उनके व्यवसायों को विकसित करने में डिजिटल और सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म कैसे मददरूप हो सकते हैं और उसके जरिए वे कैसे कमाई कर सकती हैं उसके भी गुर ईडीआईआई की ओर से सिखाए जा रहे हैं।